मेक्रो विजन् एकेडमी में विदेशों से भी बच्चे एडमिशन के लिए परीक्षा देने आते हैं...

लैस क्रोनोस्फीयर के साथ ही आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है - आनंद चौकसे

बुरहानपुर। मेक्रो विजन् एकेडमी बुरहानपुर जिसमें एक अलग शिक्षा का माहौल है। मेक्रो विजन एकेडमी जिसमें प्रवेश हेतु देश के अलग अलग जगहों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बच्चे एडमिशन के लिए परीक्षा देने आते हैं, 18 जनवरी को ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जिसमें हजारों की संख्या में कक्षा एक से लेकर नवीं तथा ग्यारवीं में विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु परीक्षा में भाग लिया। सुबह से ही सभी अभिभावक और प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को स्वादिष्ट नास्ते की व्यवस्था की गई।

विद्यार्थियों का आना, क्रोनोस्फीयर में जानकारी भरना और साथ ही स्कूल फोर्म भरना

और डिवाइन विंग में परीक्षा देना, कुछ समय में ही परीक्षा परिणाम घोषित करना,स्कूल के वालेंटियर द्वारा स्कूल का भ्रमण कराना जिसमें पेटल्स होस्टल, पैराडाइज होस्टल, उड़ान होस्टल, पेशन होस्टल और विशेष रूप से गर्ल्स के लिए डिवाइन होस्टल और साथ ही अत्याधुनिक तकनीक से लैस क्रोनोस्फीयर के साथ ही आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका हैं। मेक्रो विजन् एकेडमी का केवल एक खेल का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के चैंपियनों की तैयारी है। उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं का मार्ग को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं प्रदान करता है। जोश क्लब तथा स्कूल की व्यवस्था और सुख . सुविधाओं के साथ हर क्लास में पेनल बोर्ड और साथ ही कक्षा कक्ष को देखकर अभिभावकों की आंखों में अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। सभी अभिभावकों को स्कूल में बने देश के सबसे बड़े ऑडिटोरियम अनहद आनंद में मेक्रो विजन् एकेडमी के चैयरमैन और अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश चौकसे ने सभी अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। सुबह से लेकर शाम तक अभिभावक और विद्यार्थियों का आवागमन जारी रहा।

विद्यार्थियों ने जंगल को करीब से जाना

अनुभूति कैंप : वनकर्मियों, अफसरों ने वन्यप्राणियों से लेकर जड़ी बूटियों से सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी से कराया अवगत

बुरहानपुर। पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण सहित बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझ विकसित करने के लिए जिले की अलग अलग रेंज में वन विभाग द्वारा अनुभूति शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को नेपानगर रेंज में मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वावधान में वन मंडल बुरहानपुर के तहत बीट दक्षिण हसनपुरा कक्ष क्रमांक 191 में अनुभूति कैम्प का आयोजन किया गया।

अनुभूति कैम्प में शासकीय हाई स्कूल चांदनी, शासकीय हाई स्कूल मांडवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भातखेड़ा के कुल 135 विद्यार्थियों, शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वन भ्रमण के माध्यम से प्राकृतिक परिवेश का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों से संवाद सत्र के दौरान आईएफएस व नेपानगर के प्रभारी रेंजर अजय गुप्ताए एसडीओ विक्रम सुलिया के मार्गदर्शन में पारिस्थितिकीय तंत्र,वनों की भूमिका, वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी गई। कैम्प में प्रेरक की भूमिका में संजय त्रिपाठी, योगेश महाजन,वीरेंद्र यादव द्वारा फील्ड गतिविधियों,नेचर ट्रेल के माध्यम से विभिन्न वृक्ष प्रजातियो,उनके उपयोग,औषधीय गुणों, वन्यजीवों के

पाचिन्हों तथा अन्य वन्यजीव संकेतों के विषय में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

नगर पालिका अध्यक्ष ने किया संवाद- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल,समाजसेवी विनोद पाटिल,जिला पंचायत सदस्य किशन डांडे उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भी विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें वन, वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। पूरे अनुभूति कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट मिशन के उद्देश्यों का पूर्णतः पालन करते हुए किसी भी प्रकार की प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक/मुक्त व पर्यावरण/अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कैम्प के तहत विद्यार्थियों को केप, अनुभूति पुस्तिका, हर्बल किट वितरित की गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए जबकि अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण,अनुकूल जीवनशैली अपनाने एवं प्रकृति संरक्षण हेतु सतत प्रयास करने की शपथ ली गई।

विरोध प्रदर्शन : काली पट्टी बांधकर नवलसिंह शकर कारखाना में किया काम

बुरहानपुर। नवलसिंह सहकारी शकर कारखाना के 150 से अधिक कर्मचारियों ने मंगलवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। वे दोपहर में कारखाना एमडी के बंगले के सामने भी पहुंचे। कर्मचारियों ने मंगलवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया हैए जो 28 जनवरी तक चलेगा। आंदोलन के पहले दिन दोपहर 2 बजे की शिफ्ट में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। आंदोलन के तहतए 21 जनवरी को कारखाना गेट पर प्रदर्शन होगा। 22 जनवरी को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बादए 27 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक एक घंटे के लिए श्नो वर्क ड्यूटीश् की जाएगीए और 28 जनवरी को श्स्लो डाउनश् किया जाएगा। यह आंदोलन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक द्वारा शुरू किया गया है। इसका मुख्य कारण नवलसिंह सहकारी शकर कारखाना प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच 15 अक्टूबर 2023 को हुए समझौते का पालन न होना है। इंटक अध्यक्ष ललित कश्यप ने बताया कि कारखाने में कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों को जुलाई 2023 से शासन द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ता नहीं मिला है। इसके अतिरिक्तए वर्ष 2022.23 में हुए समझौते का भी उल्लंघन किया गया है। कश्यप के अनुसारए 15 अक्टूबर 2023 को अन्य समस्याओं के संबंध में एक समझौता हुआ था। तीन माह बीत जाने के बाद भी समझौते का पालन नहीं किया गयाए जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। संघ ने औद्योगिक शांति भंग न होए इसके लिए समय.समय पर प्रबंधन और प्रशासक को अवगत कराया थाए लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

संकल्प से समाधान अभियान

कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिये निर्देश

बुरहानपुर। संकल्प से समाधान अभियानष् के तहत मंगलवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान अंतर्गत शासन की 106 सेवाओं से संबंधित विभागों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए किए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जायें। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित गतिविधियोंए आयोजित किए जा रहे शिविरोंए पोर्टल पर की जा रही प्रविष्टियों तथा प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल पर नियमित एवं सटीक एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शासन का एक महत्वपूर्ण अभियान है। विदित है किए जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह द्वारा नियमित रूप से अभियान की समीक्षा की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि संकल्प से समाधान अभियान केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में चार चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्चए 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग शिविर

परिक्षण शिविर में कृत्रिम पैर 12 , केलिपर्स पोलियो 22, कृत्रिम हाथ दो प्रदान किए जाएंगे

बुरहानपुर। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ए जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर ,रोटरी क्लब बुरहानपुर,जायंट्स ग्रुप ऑफ़ इंदौर, एवं सेवा प्रदाता महावीर सेवासदन कोलकाता व् परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क आयोजित परीक्षण एवं प्रत्यारोपण शिविर में आज दिंनाक 20 जनवरी 2026 को प्रथम दिवस शिविर में पधारे दिव्यांग भाई बहनों का परिक्षण कर 12 दिव्यांगो को कृत्रिम पैर ,22 केलिपर्स पोलियो एवं 2 को कृत्रिम हाथ प्रदाय किये जायेगे।

जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बुरहानपुर पर आयोजित शिविर का शुभारम्भ शिविर में पधारे दिव्यांग भाई अस्तिबाधित शिवाजी सोनोने ने दीप प्रज्वलन से किया स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर के उपसंचालक दुर्गेश कुमार दुबे ने कहा की आज इस जिले में दिव्यांग भाई बहनों को कृत्रिम अंगो का लाभ प्राप्त हो जिससे की वह स्वावलम्बी बने इसी दिशा में उपरोक्त संस्थाओ के संयुक्त तत्वाधान में यह शिविर

आयोजित किया गया है। शिविर को संबोधित करते हुए जनजाग्रति संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने कहा की दिव्यांग भाई बहन कमजोर नही है वह स्वयं अपने आपमें एक शक्ति है। शिविर को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब बुरहानपुर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा की यह शिविर दिव्यांगजनों केजीवन में नई गति,नई आशा और नया आत्म विश्वास लेकर आएगा यही कामना है। कार्यक्रम का संचालन व् इस शिविर के मुख्य सूत्रधार व् जनजाग्रति संस्था के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा की ऐसे आयोजनों में सफलता सभी के संयुक्त प्रयासों से होती है। शास्त्रों में कहा गया है की मानव सेवा ही नर नारायण की सेवा है स इस सम्पूर्ण शिविर में मुख्य भूमिका का निर्वहन दिव्यांग भाई बहनों के परिक्षण के लिए कलकत्ता से पधारी डॉ.एस एस प्रभाकर एवं टीम द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं रोटरी क्लब बुरहानपुर के सदस्य सचिव प्रिंस सेठिया ,डॉ हर्ष वर्मा , प्रोजेक्ट चेयरमेन नविन पारख,हरिओम अग्रवाल ,असिस्टेंस गवर्नर प्रियल जैन,सुनील सलूजा ,श्याम अडवानी,शोभा चौधरी,विशाल पटेल ,मेहुल जैन, श्रीकिशन मूंदड़ा , देवचंद शर्मा , रजनी गट्टानी, तुषार महाजन ,राजेंद्र येवले,इन्द्रास भाई एवं अन्य गणमान्य नागरिक व् पत्रकार बंधू इस अवसर पर उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुको का आभार जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर द्वारा किया गया।

मारवाड़ी युवा मंच का 42 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

बुरहानपुर। अ.भा.मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना महिला शाखा के संयुक्त तत्वाधान में पूरे देश भर की 900 शाखाओ के साथ साथ बुरहानपुर शाखा द्वारा मंच का 42 वा स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया स प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष मुकेश देवड़ा एवं रविंद्र गुप्ता ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष में मुक बधीर अंध विद्यालय में बच्चों को भोजन करवाया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन दामोदर तोदी एवं लक्ष्मण मित्तल ने अवगत कराया की मंच द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार समाजसेवीयो का स्वागत सम्मान किया जाता है इसी के अंतर्गत स्वामीनारायण मंदिर बुरहानपुर के महंत श्री पी.पी.कोठारी का शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से स्वागत कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मंच प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने भी महंत पी.पी कोठारी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। तत्पश्चयात सम्मान पत्र का वाचन पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पारीक द्वारा किया गया। महंत पीपी स्वामी का परिचय राहुल जोशी ने दिया। मंच के पूर्व अध्यक्ष एवं मंच के सभी सदस्यों ने कोठारी स्वामी को मोतीमाला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों कार्यक्रमों में संस्थापक अध्यक्ष कमलनयन लाठ,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जालन,प्रमोद भंडारी, रामेश्वर मंत्री ,सुनील मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजकरण बोथरा ,मंच सदस्य कैलाश अग्रवाल,चम्पालाल कोठारी, विशाल विजय वर्लगीय नारायण पुरोहित,संदीप पारीक,विशाल सेठिया,विमल जैन,दिलीप कासलीवाल,पुनित कोठारी परमेश्वर शर्मा,चेतना महिला शाखा अध्यक्ष रूपल मूंदड़ा,सचिव स्मिता फलोड, रानी पारीख ,संगीता लड्ढा ,राजस्थानी समाज अध्यक्ष कैलाशचंद पारीक ने भी स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया स कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मंच सचिव शुभम जैन द्वारा किया गया।

अच्छी पुस्तकें आज भी पढ़ी जाती हैं- संतोष परिहार

बुरहानपुर। विश्व के सबसे बड़े पुस्तक मेले श्विश्व पुस्तक मेलाश् का आयोजन प्रगति मैदान नई दिल्ली में 8 जनवरी से 18 जनवरी तक किया गया । पुस्तक मेले में विश्व के तीस से अधिक देशों के हजारों प्रकाशक सहभागी हुए । उत्कृष्ट एवं नवीन विचारों के साथ लिखी गई पुस्तकें के पाठकों की पहली पसंद रही । बुरहानपुर के साहित्यकार संतोष परिहार का स्त्री विमर्श पर लिखा गया उपन्यास अपूर्वा काव्य समवेत कविता संग्रह एवं गज़लकार राजपालसिंह चावला राज़ का नया गज़ल संग्रह आसमान से ऊंची उड़ान और एक मुट्ठी आसमान बैस्ट सेलर में रहा । यह जानकारी इन पुस्तकों के प्रकाशक ए.आर.पब्लिशिंग कम्पनी संचालक शिवानंद तिवारी द्वारा प्रेषित की गई । आई सेक्ट पब्लिकेशन भोपाल द्वारा प्रकाशित संतोष परिहार के उपन्यास बसों अयोध्या राम एक महल हो सपनों का एवं कहानी संग्रह श्दस कहानियांश् भी बिक्री में रही ।

सांसद पाटील ने दी सौगात, 25 शासकीय स्कूल के विद्यार्थीयो को मिलेगा आरओ वाटर

बुरहानपुर। विद्यार्थियों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाने और उन्हें शुद्धए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयो में आरओ यूनिट की सौगात दी गई है। 25 स्कूलों में आरओ यूनिट लग गई हैएआने वाले समय में और कई स्कूलों में लगाये जायेंगे। भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने स्कूल में लगाए गए आरओ यूनिट का पूजन कर शुभारंभ किया। शुद्ध पानी पीकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे सभी ने सांसद का माना आभार।

शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा:- सांसद पाटील ने कहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार बेहतर शिक्षा देने के साथ.साथ उन्हें आरओ का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की दिशा में भी सतत कार्य कर रही है। जिले के 25 शास.विद्यालयो में अलग.अलग पेयजल यूनिट स्थापित की गई हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियोंए शिक्षकगण व स्टाफ को पूरी तरह शुद्ध और सुरक्षित पानी मिल सकेगा। इन स्कूलों में लगाए आरओ यूनिट:-

शास.उच्च.माध्य.विद्या.लोनी, शास.माध्य विद्या.बोहरडा शास.माध्य,विद्या.हतनूर, शास.उच्च माध्य.विद्या.बिरोदा,एशास.कन्या माध्य विद्या .बहादरपुर,शास.उच्च.माध्य.विद्या बोदरली,शास.उच्च माध्य.विद्या.जसौंदी,शास. उच्च.माध्य.विद्या.बंभाडा,कोकृत शास.माध्य.शाला बोरसल, सुभाष उत्कृष्ट उच्च माध्य, विद्या.बुरहानपुर, शास.कन्या माध्य.विद्या.चौक बाजार,सावित्री बाई फूले शास.कन्या उच्च माध्य.विद्या.शास.कन्या उर्दू उच्च माध्य.विद्या.हरीरपुरा,पुरुषार्थी उच्च.माध्य.विद्या.शास.उच्च, माध्य. विद्या,लालबाग बुरहानपुर,शास.उच्च.माध्य विद्या, फोपनार,शास.उच्च.माध्य विद्या. इच्छापुर, शास.उच्च,माध्य.विद्या.दापोरा,शास.उच्च माध्य.विद्या.दर्यापुर, शास.उच्च माध्य. विद्या, निम्बोला,शास.कन्या हाईस्कुल धुलकोट,शास.उच्च माध्य.विद्या जैनाबाद ,शास.हाईस्कुल अम्बा,शास, हाईस्कूल सुक्ता नेपानगर,शास.उच्च माध्य. विद्या.खातला नेपानगर में आरओ यूनिट लगाये गए हैं।